पौलुस–तिमुथि अध्ययनमाला को कैसे प्रयोग करें ?

प्रारम्भ करना

1. अपनी आवश्यकतानुसार अध्ययनमाला का चुनाव कैसे करें? विषय–सूची का प्रयोग करने के द्वारा।

- अपने संयोजक से विषय–सूची की मांग कीजिये। अथवा कंप्यूटर से छाप लीजिये :
- भूमिका सहित अध्ययनमाला को १६ विभिन्न सेवकाईयों में विभक्त किया गया है। प्रत्येक विध्यार्थी की कलीसिया की तत्कालिक आवश्यकता के अनुरूप अध्ययनमाला का चुनाव कीजिये।
- सर्वप्रथम उपरोक्त १६ सेवकाईयों में से ऐसी सेवकाई चुनिये जिसमें आपकी आवश्यकता से संबंधित अध्ययन दिये गये हों, जैसे, यदि विध्यार्थी आराधना से संबधित विकास चाहते हैं तो विषय–सूची में आराधना से संबंधित अध्ययन देखें।
- प्रत्येक सेवकाई से संबंधित अध्ययन–सामग्री को अलग अलग संग्रहित रखिये ताकि उन्हें सरलता से ढूंढ़ा जा सके।

2. विषय–सूची में विभिन्न विषयों पर सेवकाईयों से संबंधित अध्ययन–सामग्री प्रस्तुत की गई है:

- **प्रत्येक** सेवा क्षेत्र से संबंधित कुछ अध्ययन–सामग्री उपलब्ध है जैसे "आराधना" सेवकाई में इन विषयों पर चर्चा की गई है – सहभागिता, प्रभु यीशु के पुनरूत्थान का आनन्द मनाना, तथा आराधना से संबंधित कुछ अन्य आवश्यक पहलु।
- प्रत्येक अध्ययनमाला में चरवाहों के लिये तथा बच्चों के लिये अध्ययन–सामग्री दी गई है तथा दोनों में एक समान विषयों पर अध्ययन है। इससे बच्चों को समय से पहले विषयानुसार बाइबल–कथा तैयार करने में सहायता मिल सकेगी और युवा बच्चे सीख सकेंगे। युवाओं द्वारा आराधना सभा के मध्य बाइबल–कथा के अनुसार नाटक भी प्रस्तुत किया जा सकता है।
- चरवाहों से संबंधित अध्ययन–सामग्री में ऊपर "चरवाहा" लिख दिया गया है और इस अध ययन का अन्त ए से हुआ है। जैसे A/a
- बच्चों से संबंधित अध्ययन–सामग्री में ऊपर "बालक" तथा अन्त में "A/b" लिख दिया गया है।
- कुछ अध्ययन–मालाओं में विषयों से संबंधित अतिरिक्त अध्ययन सामग्री भी दी गई है, जिनके अन्त में c, d, e आदि लिख दिया गया है।
- नए चरवाहों के अध्ययन आपको आगामी सप्ताह के कार्यक्रमों की योजना बनाने तथा आगामी आराधना सभा से संबंधित क्रिया–कलापों पर विचार करने में सहायता देते हैं।

3. "प्रारम्भ करना" के आधार पर पी०टी०लीडर–ट्रेनिंग कोर्स आरम्भ करना :

- नये चरवाहों को प्रशिक्षित करने के लिये इससे संबंधित निर्देशों का प्रयोग कीजिये जिसका नम्बर AOf है तथा जिसे आप www.Paul-Timothy.net पर प्राप्त कर सकते हैं।

- पादरी सेवा से संबंधित छात्र नये चरवाहों के प्रशिक्षण संबंधी निर्देशों का प्रयोग कर सकते हैं। इन निर्देशों का नम्बर है – AOa
- नये चरवाहों से संबंधित अध्ययनों की समाप्ती पर अन्त में शब्द a लिख दिया गया है।
- बच्चों के शिक्षक उन निर्देशों का पालन कर सकते हैं जो "बच्चों के शिक्षक" शीर्षक के अन्तर्गत दिए गये हैं, जिनका नम्बर है – AOb
- बच्चों से संबंधित सभी अध्ययन-पाठों का अन्त शब्द b से हुआ है।
- आराधना के अगुवे उन निर्देशों का पालन करें जो आराधना में अगुवाई करने वाले करते हैं, नम्बर – AOe
- अन्य लोग उन निर्देशों का पालन करें जो डीकनों, छोटे समूहों के अगुवों, उन अन्यों लोगों से संबंधित हैं जो सप्ताहों में होने वाली गतिविधियों में अगुवाई करते हैं, नम्बर – aOd
- वे संयोजक जो पॉल-तिमोथी ट्रेनिंग कोर्स की कार्यशालाएं चला रहे हैं, स्वतन्त्रतापूर्वक इस पते पर सामग्री पा सकते हैं- www.Paul-Timothy.net

4. **पी०टी० अध्ययनमाला आपको आपसी विचार-विमर्श संबंधी आराधना सभा आयोजित करने में सहायता प्रदान करती है।**

इन पाठों को प्रयोग करके आप ऐसी आराधना सभा का आयोजन कर करते हैं जहां बच्चों सहित अनेकों लोग पारिवारिक वातावरण में एकत्रित होकर विचार-विमर्श कर सकते हैं। जहां लोगों में आपसी संबंध मधुर होता है वहां पवित्रात्मा प्रभावशाली रूप से कार्य करता है

5. **पी०टी० अध्ययनमाला को लघु-पुस्तिका के रूप में भी छापा जा सकता है।**

सरलता से पढ़ने योग्य बनाने के लिये इस अध्ययनमाला को लघु-पुस्तिका के रूप में उपलब्ध कराइये। नये चरवाहों व बच्चों से संबंधित पाठों को एक ही पृष्ठ के दोनों ओर छापा जा सकता है और मोड़कर उसके चार छोटे पेज बनाए जा सकते हैं।



नये पी०टी० अध्ययन अपनी आवश्यकता के अनुसार लिखे जा सकते है। यदि आप अपनी आवश्य कतानुसार लेख लिखने की सूचना पी०टी० साहित्य के लेखकों को देंगे तो वे उन्हीं के अनुसार रचना करने का प्रयास कर सकते हैं। अपनी आवश्यकताएं अपने अगुवों को बताएं ताकि वे लेखकों को सूचित कर सकें।

- पौलुस-तिमुथि पाठयक्रम कभी स्थाई नहीं होता, क्योंकि यह कलीसिया की व लोगों की आवश्यकतानुसार व सूचनाओं के आधार पर संशोधित व निर्मित होता रहता है और इसमें नई बातें सम्मिलित की जाती रहती हैं।
- पौलुस-तिमुथि की नवीन अतिरिक्त अध्ययनमाला जैसे ही तैयार होती है, उसका प्रकाशन कर दिया जाता है, अतः वेबसाइट पर पता लगाते रहिये और निशुःल्क प्राप्त कीजिये पता इस प्रकार है :www.Paul-Timothy.net

6. **पी०टी० अध्ययनमाला की नकल बनाने व अनुवाद करने के लिये कोई प्रतिबन्ध नहीं:**

- इस पुस्तिका में जिस अध्ययन–सामग्री को प्रस्तुत किया है, उसकी निशुःल्क ही प्रतिलिपियां बनाई जा सकती हैं और उनका किसी भी भाषा में अनुवाद करके संग्रहित किया और निशुःल्क अथवा मूल्यसहित वितरित किया जा सकता है। कृश्पया निम्नलिखित वक्तव्य का उल्लेख अवश्य कीजियेः

Copyright © 2004 by Paul-Timothy

- किसी को भी स्वतन्त्र रूप से इस पुस्तिका की सामग्री को किसी भी भाषा में छापने, संग्रह करने, बेचने अथवा वितरित करने का अधिकार नहीं है।